जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय

Central University of Jammu

स्वच्छता ही सेवा 2024

जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय में स्वच्छता शपथ के साथ हुई स्वच्छता ही सेवा 2024 की शुरुआत

जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र एवं छात्राओं ने आज दिनांक 14.09.2024 को अपने छात्रावासों में आयोजित स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में स्वच्छता शपथ ग्रहण कर स्वच्छता ही सेवा 2024 अभियान की शुरुआत करी। इन स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रमों का आयोजन जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के मुख्य वार्डन प्रोफेसर राकेश झा, एवम अन्य वार्डनों डॉ. स्वेता कोहली, डॉ. प्रियंक शर्मा आदि की गरिमामयी उपस्थिति में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। आज के स्वच्छता शपथ ग्रहण कार्यक्रम में लगभग 100 से ज्यादा छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर जम्मू केन्द्रीय विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर संजीव जैन जी ने विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को साधुवाद प्रेषित किया। विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर यशवंत सिंह जी ने विभिन्न छात्र एवं छात्राओं, डीन छात्र कल्याण प्रोफेसर ऋतु बक्शी, मुख्य वार्डन प्रोफेसर राकेश झा, एवम अन्य वार्डनों तथा अभियान की नोडल अधिकारी प्रोफेसर ऋचा कोठरी को हार्दिक बधाई ज्ञापित करी।